DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 195 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 06 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पानी पर सियासत नहीं, साझेदारी से विकास

### सीएम मोहन यादव बोले राजस्थान हमारा भाई, 5 नहीं जरूरत पड़ी तो 7 प्रतिशत पानी भी देंगे





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मध्यप्रदेश-राजस्थान के बीच वर्षों से चले आ रहे जल विवाद पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के बयान ने राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग और भरोसे की नई लकीर खींच दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश का रिश्ता भाई-भाई जैसा है और पानी पर झगड़े नहीं, साझेदारी होनी चाहिए। मोहन यादव ने कहा 5 प्रतिशत ही क्यों, जरूरत पड़ी तो 7 प्रतिशत पानी भी देने को तैयार हैं। राजस्थान कोई पराया नहीं, हमारा ही प्रदेश है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट में कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है।

प्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं, जबकि राजस्थान को प्राकृतिक रूप से जल की कठिनाई झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यह परमात्मा की लीला है, बहते पानी को कोई रोक नहीं सकता, लेकिन बीते 25 वर्षों से पानी को लेकर अनावश्यक विवाद चलता रहा। अब समय टकराव का नहीं, समाधान का है।

मोहन यादव ने बताया कि सरकार में आते ही उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पानी को लेकर चर्चा की। भजनलाल शर्मा ने उद्योगों और भविष्य की जरूरतों का हवाला देते हुए पानी की आवश्यकता बताई। इस पर यादव ने भरोसा दिलाया कि पानी मिलेगा तो राजस्थान का भविष्य भी उज्ज्वल होगा।

जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश की सभ्यता, संस्कृति और इतिहास साझा हैं। इसलिए दोनों राज्यों को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आईटी सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे आयोजनों से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में काली सिंध, पार्वती और चंबल नदी परियोजनाओं पर दोनों राज्यों के साझा प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि साझा विरासत और साझा विकास की भावना के साथ तकनीक का यह दौर दोनों राज्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## बढ़ती ठंड का असर: भीलवाड़ा में आज से 8 जनवरी तक कक्षा 1 से 8 का अवकाश घोषित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर एवं बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा के प्रस्ताव पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 6 जनवरी से 8 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। आदेश के अनुसार, अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा, जबकि विद्यालय स्टाफ को अपने-अपने विद्यालयों में नियमित रूप से उपस्थित रहना होगा। यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि लगातार गिरते तापमान और शीतलहर से छोटे बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## रायला थाना क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा

### जमीन विवाद में रची गई साजिश, कार से कुचलकर की गई हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायला थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर की रात हुई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला गैर इरादतन नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का पाया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य (शाहपुरा) एवं वृताधिकारी जितेन्द्र सिंह (गुलाबपुरा) के निर्देशन में रायला थाना पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि 1 जनवरी को किशन जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता रामनारायण जाट (42) निवासी लाम्बिया कलां, 31 दिसंबर की रात करीब 9.30 बजे उस्मानजी के फार्म से भोजन कर मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे महाकाल फैक्ट्री के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने बल्के ग्रे रंग की वरना कार से उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मारी।

टक्कर से नीचे गिरने के बाद आरोपियों ने कार को पीछे लेकर दुबारा जानबूझकर टक्कर मारी, फिर सड़क पर घसीटते हुए लाइट पोल से टकरा दिया। इसके बाद आरोपी कार मौके पर




छोड़कर फरार हो गए। गंभीर चोटों के कारण रामनारायण जाट की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम लाम्बिया कलां निवासी भंवरलाल जाट और मृतक रामनारायण जाट के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते भंवरलाल के भांजे सत्यनारायण जाट ने अपने साथियों कमलेश धाकड़ व मिठूलाल जाट के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने पहले मृतक की रेकी की और फिर रास्ते में घात लगाकर वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने मामले में सत्यनारायण पुत्र रामलाल जाट, निवासी लाम्बिया खुर्द, थाना बनेड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। अनुसंधान में हत्या में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

इस कार्रवाई में रायला थाना प्रभारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में थाना स्टाफ एवं साइबर सेल की विशेष टीम शामिल रही।

## डेयरी और चाय-कॉफी केबिन जलकर राख, लाखों का नुकसान





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की एक गंभीर घटना सामने आई है। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में मानसरोवर झील के सामने स्थित दूध की डेयरी और जय मां भवानी चाय-कॉफी केबिन में बीती रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय व्यापारियों में भय का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब एक बजे की है। दूध की डेयरी के संचालक मुकेश सिसोदिया ने बताया कि आग लगने से डेयरी में रखा फ्रिज, दूध के बर्तन, मशीनें सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। आग की चपेट में पास ही स्थित जय मां भवानी चाय-कॉफी केबिन भी आ गई, जहां केबिन का स्ट्रक्चर , गैस सिलेंडर, बर्तन और अन्य आवश्यक सामान जल गया। प्रारंभिक आकलन में आगजनी से लाखों रुपये के नुकसान की बात सामने आ रही है।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी और प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान हो चुका था। फिलहाल पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है और आगजनी के कारणों के साथ-साथ आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## गैंग मुखबिरी का शक, युवक पर जानलेवा हमला

### आदिल मिर्जा गैंग से जुड़ी जानकारी देने का आरोप, तीन भाइयों पर फायरिंग का केस

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर के केथूनिपोल थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बेखौफ नजर आए। सूरजपोल गेट के पास बदमाशों ने एक युवक को घर से फोन कर बाहर बुलाया और बाइक से उतरते ही उस पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां दाग दीं। पेट और जांघ में गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक की पहचान अब्दुल नईम के रूप में हुई है। उसके भाई रहीम के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले शरीफ ने नईम को फोन कर बाहर बुलाया था। जैसे ही नईम



बाइक से उतरा, घात लगाए बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली चलाते ही शरीफ और उसके साथी भाग निकले। परिजन आनन-फानन में नईम को एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल रेफर किया गया।

रहीम ने पुलिस को बताया कि नईम और शरीफ पहले दोस्त थे। आरोप है कि आदिल मिर्जा के कहने पर नईम पर हमला किया गया। इस बयान ने मामले को गैंग रंजिश से जोड़ दिया है। केथूनिपोल थानाधिकारी अमरेश ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सूरजपोल निवासी सद्दाम, शाहनवाज और शरीफ तीनों भाइयों ने नईम को फोन कर बुलाया और फायरिंग की। घायल नईम ने पुलिस को बताया कि उसने आदिल मिर्जा गैंग से जुड़ी अहम जानकारियां पहले पुलिस को दी थीं। इसी रंजिश के चलते उस पर जानलेवा हमला किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया है। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम की गहन जांच जारी है।

## पत्रकार के मकान में चोरी, किराएदार के कमरे से नकदी व जरूरी कागजात ले उड़ा चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे के पथिक नगर-2 क्षेत्र में स्थित मकान में सोमवार शाम चोरी की वारदात सामने आई है। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर रह रहे किराएदार के कमरे से अज्ञात चोर नकदी व जरूरी सामान चोरी कर ले गया।

पीड़ित विकास चौधरी, जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटी बिजौलिया में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि वो पत्रकार श्याम विजय के मकान में रहता है । सोमवार शाम करीब 7 बजे वे कुछ समय के लिए पास की किराणा दुकान गया हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मकान में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर उसके कमरे से ऑफिस बैग, जरूरी दस्तावेज, करीब 5 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान चोरी कर लिए । चौधरी ने बताया कि लौटते समय उसने एक संदिग्ध



बिजोलिया : सीसीटीवी में बैग लेकर जाता चोर

व्यक्ति को मकान से बाहर निकलते देखा, जो उन्हें देखकर फरार हो गया। जांच करने पर कमरे सहित अन्य दरवाजे खुले मिले। बाद में मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर सफेद जैकेट पहने एक अज्ञात व्यक्ति बैग लेकर बाहर जाता हुआ दिखाई दिया, हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी। मामले को लेकर थाना बिजौलिया में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# नवीन नव होगें पोएट्री शो जोक्स का पिटारा के जज



**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।**

स्थानीय कवि नवीन जैन नव ने एक बार फिर राजस्थान का नाम रोशन किया है । इस बार उनका चयन पोएट्री शो जोक्स का पिटारा के जज के रूप में हुआ हैं । यूनिक आर्ट एंटरटेमेंट प्रोडक्शन के अली रॉय सपना सिंह ने बताया कि प्रोडक्शन हाउस कविता, शायरी, कॉमेडी के कलाकारों को विश्व तक पहुंचाने के लिए एक नया शो जोक्स का पिटारा लेकर आ रहा है जिसमे जज की भूमिका निभाने के लिए मथुरा में आयोजित बीट किलर शो में कवि नवीन जैन नव का चयन किया गया साथ ही उन्हें बेस्ट गेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

ज्ञात रहे इनके साथ बॉलीवुड के सितारे भी निर्णायक की भूमिका निभाएंगे शीघ्र ही उनके नामों की भी घोषणा की जाएगी । शो के ऑडिशन रजिस्ट्रेशन प्रारभ कर दिए गए हैं ।नवीन की इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों द्वारा बधाईयां

# ट्रक की टक्कर से मां-बेटी घायल, बेटे की हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

जयपुर-कांकरोली मेगा हाईवे पर बडेसरा चौराहे के पास सोमवार को एक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। भीलवाड़ा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मां, बेटी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता



दिखाते हुए घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से शाहपुरा जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल राहुल नायक पुत्र मथुरा नायक निवासी ढ़िकोला ने दम तोड़ दिया। वहीं उसकी बहन खुशबू नायक और मां की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर शाहपुरा थाने ले जाया गया। मृतक राहुल नायक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

पुलिस ने घटना की परिजनों को सूचना दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बिश्नोई टाइगर फोर्स ने की वन्यजीव सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बिश्नोई टाइगर फ़ोर्स, के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर, के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

बिश्नोई टाइगर फ़ोर्स के उपाध्यक्ष रोहित पोरवाल ने बताया कि प्रदेश में अवैध वृक्ष कटाई, अवैध खनन एवं वन्यजीवों के शोषण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। बिश्नोई समाज सदियों से प्रकृति और जीव-जंतुओं की रक्षा करता आया है और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिश्नोई टाइगर फ़ोर्स लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने मांग की कि पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े मामलों में सख्त कानून लागू किए जाएं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति को सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर संगठन के सक्रिय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मोनू विश्नोई, बक्षु विश्नोई, सूरज विश्नोई, हरक लाल विश्नोई, शंकर विश्नोई, हरीश विश्नोई एवं ओम जी विश्नोई उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

बिश्नोई टाइगर फ़ोर्स, भीलवाड़ा भविष्य में भी जनहित, पर्यावरण सुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण को लेकर आंदोलनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रम जारी रखेगी।

# सांध्यकालीन न्यायालय संचालन का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

## जिला अभिभाषक संस्था ने मुख्य न्यायाधीश के नाम सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था पर पुनर्विचार की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश, जोधपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित सांध्यकालीन न्यायालय संचालन पर पुनर्विचार कर इसे शीघ्र बंद किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि विचाराधीन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सांध्यकालीन न्यायालय संचालन की मंशा सराहनीय है, लेकिन व्यवहारिक, सुरक्षा एवं संवैधानिक दृष्टि से यह व्यवस्था अधिवक्ताओं और पक्षकारों के लिए गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकती है।

अधिकांश अधिवक्ता व पक्षकार दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों एवं कस्बों से आते हैं। सांध्यकालीन समय में न्यायालय की कार्यवाही समाप्त होने के बाद यात्रा



करने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, वहीं सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता भी सीमित हो जाती है, जो जीवन एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार के प्रतिकूल है।

उन्होंने बताया कि न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी अवकाश ले सकते हैं, लेकिन अधिवक्ताओं के लिए कोई वैधानिक अवकाश व्यवस्था नहीं है। अनुपस्थिति की स्थिति में प्रकरणों की पैरवी प्रभावित होती है, जिससे मुवक्किलों के हितों को नुकसान पहुंचता है। यह व्यवस्था अधिवक्ताओं के साथ असमानता पैदा करती है। साथ ही सुबह से नियमित कार्यों में संलग्न रहने वाले अधिवक्ताओं के लिए सांध्यकालीन न्यायालय शारीरिक व मानसिक थकान बढ़ाने वाला है, जिससे तैयारी व शोध के समय पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

ज्ञापन में बताया गया कि अधिवक्ता समुदाय से बिना समुचित परामर्श एवं सहमति के इस तरह का निर्णय लिया गया, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। इसी कारण सम्पूर्ण अधिवक्ता समुदाय प्रस्तावित सांध्यकालीन न्यायालय संचालन का पुरजोर विरोध करता है।

इस दौरान उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित विक्रम सिंह राठौड़, राजेंद्र कचौलिया, हेमेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, मोहम्मद फरजान, अशोक जैन, श्याम सिंह चुंडावत, भूपेंद्र सिंह कानावत, बाबूलाल आचार्य, राकेश जैन, रामपाल शर्मा, उदयलाल बोराणा, गोपाल सोनी, पंकज शर्मा, नरेंद्र सिंह राठौड़, युवराज चंदेल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# करणी सेना ने किया बार एसोसिएशन अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ का अभिनंदन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के पदाधिकारीयों ने संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार के सानिध्य में बार एसोसिएशन अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ का तलवार भेट और साफ़ा बंधवाकर स्वागत अभिनंदन किया। योगेंद्र सिंह कटार बताया कि उम्मेद सिंह राठौड़ के अध्यक्ष बनने से समाज के युवाओं में नई उमंग आयेगी, जिलाध्यक्ष बबलू सिंह ठूमिया ने बताया कि उम्मेद सिंह राठौड़ समाज सेवा में हमेशा अग्रणीय रहते है आपके बार अध्यक्ष बनने से श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। प्रदेश प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह काछोला ने बताया ने बताया कि उम्मेद सिंह राठौड़ करणी सेना भीलवाड़ा के संरक्षक रहे है। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह गुलगांव, पृथ्वीपाल सिंह आमली, अवतार सिंह कोयल, नारायण सिंह बिलाखी, बबलू बना भरणीकला, भगवान सिंह जितिया खेड़ी, नरेंद्र सिंह मोटरास, राजेंद्र सिंह सोलंकी, भंवर सिंह छपारा, राम सिंह शक्तावत, दशरथ सिंह बिलिया, सम्पत सिंह कोटडी, नरेंद्र मंडावरिया, संजय सैनी, कमल तिवारी, गजेंद्र सहित सैकड़ों करणी सैनिकों ने स्वागत किया।

# जीव-दया अभियान : पक्षियों के संरक्षण हेतु 50 बोरी मक्का वितरण की शुरुआत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा जीव-दया अभियान के अंतर्गत पक्षियों के संरक्षण हेतु 50 बोरी मक्का वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ हरनी महादेव रोड स्थित वृद्धाश्रम परिसर से किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में 11 बोरी मक्का का वितरण किया गया। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जीव-जंतुओं की रक्षा को सामाजिक दायित्व बताते हुए ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने कहा कि मानव अधिकार केवल मानव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण से ही



मानवता की सच्ची सेवा होती है। कठोर सर्दी और बदलते पर्यावरण के दौर में पक्षियों की रक्षा के लिए चलाया गया यह जीव-दया अभियान समाज को करुणा और संवेदनशीलता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से ही संतुलित और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर जैन कांफ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद चपलोत, पंकज मेडतवाल एवं परिषद के मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अभियान की सराहना की।

कार्यक्रम संयोजक रजनी बापना के सहयोग से वृद्धाश्रम में भोजन सेवा का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में परिषद की महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती नेहा चोरड़िया, ललित आंचलिया, अलका बंब, श्रीमती कुसुम श्रीश्रीमाल, ललित बोहरा, कमल वैशनानी, एडवोकेट चंद्रप्रकाश बापना, अर्पित संचेती, प्रतीक बाफना, प्राचीर समदानी, सीए नवजोत सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी ने काछोला क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण




**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने सोमवार को काछोला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काछोला एवं सरथल्ला ग्राम पंचायतों का दौरा कर व्यवस्थाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

उपखंड अधिकारी के काछोला पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। काछोला तहसीलदार शैतान सिंह मीणा एवं भाजपा नेता संदीप सोनी के नेतृत्व में पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने पंचायत कार्यालयों में अभिलेखों की जांच की और साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, स्वच्छता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने, योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

मौके पर ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं उपखंड अधिकारी के समक्ष रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता संदीप सोनी, काछोला सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई, तहसीलदार शैतान सिंह मीणा, पटवारी चंद्रवीर सिंह पुरावत, ज्वाला प्रसाद बारेठ सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## पटवार संघ उपशाखा कोटड़ी के चुनाव संपन्न, नारायण जाट अध्यक्ष निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** पटवार संघ उपशाखा कोटड़ी के चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में नारायण जाट को अध्यक्ष तथा दीपा राठौड़ को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य पदों पर बालकिशन सैन महामंत्री, विनोद कुमार संयुक्त मंत्री, अशोक चौधरी संगठन मंत्री एवं अभिषेक खाण्डल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सदस्य पद पर भागेन्द्र सिंह, अंजली विजयवर्गीय, कविता साहू, लक्ष्मी नारायण रेगर एवं सुमन को निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन अधिकारी गिरदावर राजेन्द्र काबरा एवं कृष्ण गोपाल शर्मा के निर्देशन में समस्त चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण जाट व उपाध्यक्ष दीपा राठौड़ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

### लंबित राजस्व प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण करें अधिकारी -जिला कलक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गंभीरता के साथ राजस्व प्रकरणों का तय समय में प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। वे सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला कलक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों, कोर्ट केस, रेवेन्यू परिवाद, कन्वर्जन, नामांतरण आदि मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने भू-आवंटन, भू-रूपांतरण और नामांतरण सहित सभी प्रकार के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गत बैठक के निर्देशों की पालना की स्थिति भी जानी। उन्होंने पंजीयन विभाग को लक्ष्यानुसार प्रगति लाने, सीएमओ, सीएस कार्यालय एवं आयोग से प्राप्त प्रकरणों में समय पर कार्यवाही करने तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को गति देने के निर्देश दिए। सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण, ई-फाइलों का शीघ्र निस्तारण, एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करने तथा संपर्क पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ सेटिस्फेक्शन प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरण, भू-अभिलेख, सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, फसल कटाई प्रयोग, ऑनलाइन भूमि समपरिवर्तन, पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सेल, राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भूमि अवाप्ति, राजकीय कार्यालयों को भूमि आवंटन, राजस्व वसूली, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ई-फाइल तथा पंजीयन विभाग की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम प्रशासन रणजीत सिंह ने अधिकारियों को सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट समय पर भिजवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आयुर्वेद की उपादेयता पर मंथन, नवग्रह वेलनेस से प्रदेश को मिलेगा लाभ

### पूर्व राज्यपाल वी.पी. सिंह ने श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान अध्यक्ष से आयुर्वेद व स्वास्थ्य सेवाओं पर की सार्थक चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ रायला/आसींद

**मूलचन्द पेसवानी**



पंजाब के पूर्व राज्यपाल वी.पी. सिंह बदनोर ने सोमवार को श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के अध्यक्ष वैद्य हंसराज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर समकालीन स्वास्थ्य चुनौतियों, जीवनशैली जनित रोगों तथा वर्तमान समय में आयुर्वेद की बढ़ती उपादेयता पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

मुलाकात के दौरान वैद्य हंसराज चौधरी ने आश्रम द्वारा प्रकाशित महत्वपूर्ण ग्रंथ 'आयुष्मान भव' एवं 'स्वास्थ्य की रसोई' पूर्व राज्यपाल को भेंट किए। इन पुस्तकों के माध्यम से आयुर्वेदिक जीवनशैली, संतुलित आहार और रोग निवारण के सरल एवं प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला गया है। पूर्व राज्यपाल बदनोर ने कहा कि बीते चार वर्षों में देशभर में सनातन काल से चली आ रही आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आयुष मंत्रालय के माध्यम से आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर वैद्य हंसराज चौधरी ने जानकारी दी कि नवग्रह वेलनेस का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार के मध्य एमओयू संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पहल से भीलवाड़ा जिले सहित पूरे प्रदेश के नागरिकों को समग्र, सुरक्षित एवं प्राकृतिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# सेवा ही सच्ची साधनाः वनवासी क्षेत्रों में 6,585 ऊनी वस्त्र वितरित होंगे

### हरी शेवा उदासीन आश्रम का सर्दी राहत महाअभियान, करुणा और सहयोग की मिसाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



**मूलचंद पेसवानी।** हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं हरी शेवा धर्मशाला के तत्वावधान में उदयपुर व बांसवाड़ा के वनवासी क्षेत्रों में सर्दी से राहत पहुंचाने का सेवा अभियान निरंतर जारी है। इस महाअभियान के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को स्वेटर, शॉल सहित कुल 6,585 ऊनी वस्त्र वितरित किए जाएंगे। यह सेवा कार्य महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। इस सेवा अभियान में राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद, विवेकानंद केंद्र, मुस्कान फाउंडेशन एवं समाजसेवी हेमनदास भोजवानी उस्ताद का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। सभी संस्थाएं मिलकर सर्द मौसम में वनवासी परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज में सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सतत प्रयास है, जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

अभियान के दौरान संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव सहित अनेक संतजन एवं सेवाभावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद, विवेकानंद केंद्र, मुस्कान फाउंडेशन एवं अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही इस महाअभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान किया जाएगा।

# गत्ता फैक्ट्री का वेस्ट खुले में डालने से बीमारी का खतरा

### ग्रामीणों में आक्रोश, मवेशियों के स्वास्थ्य पर संकट

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे में कोटड़ी चौराहे के पास सवाईपुर-कोटड़ी सड़क से सटी एक गत्ता फैक्ट्री द्वारा निकाला गया वेस्ट कचरा कच्चे रास्ते पर खुले में डाले जाने से मवेशियों एवं अन्य जानवरों में गंभीर बीमारियों का अंदेशा जताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कोटा राजमार्ग से कोटड़ी सड़क के समीप संचालित इस गत्ता फैक्ट्री का वेस्ट लंबे समय से खुले में फेंका जा रहा है। इससे दुर्गंध फैलने के साथ-साथ मवेशियों के बीमार पड़ने का खतरा बढ़ गया है। पशु अक्सर इस रास्ते से गुजरते हैं और कचरे के संपर्क में आने से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

खुले में वेस्ट डाले जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से फैक्ट्री प्रबंधन पर कार्रवाई कर वेस्ट के उचित निस्तारण की मांग की है।

# क्रिकेट का महाकुंभः ऊपरमाल क्रिकेट कप सीजन-3 का हुआ समापन, बालाजी क्लब बना विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




पंचायत स्तरीय ऊपरमाल क्रिकेट कप सीजन-3 का फाइनल मुकाबला बड़े खेल मैदान, में रोमांचक माहौल के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबला बालाजी क्लब बिजौलिया और रतनगढ़ की टीम के बीच हुआ, जिसमें दर्शकों को आखिरी ओवर तक रोमांच देखने को मिला।

टॉस के बाद पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बालाजी क्लब ने निर्धारित ओवरों में 141 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रतनगढ़ की टीम ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन 131 रन ही बना सकी। इस तरह 10 रन से जीत दर्ज कर बालाजी क्लब ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस नेता प्रद्युमन सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में अहम घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले समय में मांडलगढ़ विधानसभा में एक बड़े कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में अन्य खेलों के बड़े स्तर के टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र का युवा खेलों में आगे बढ़े और अपनी प्रतिभा निखार सके। उन्होंने मांडलगढ़ एवं मांडल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट के सानिध्य में भी विभिन्न खेल आयोजनों की घोषणा की। इस अवसर पर सुमित जोशी पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष, तूफ़ान यादव पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, भीलवाड़ा, जगदीश सांखला, विजय तिवाड़ी, कमलेश सेन, शंभु सांखला, जसवंत, मनीष धाकड़, पंकज धाकड़, सुनील धाकड़, गौरव शर्मा, दिनेश सिंह शक्तावत, घनश्याम सिंह कानावत, किशन खटिक, अनिल खटिक, रामबाबू विजयवर्गीय, नीरज लक्षकार, आशीष माहेश्वरी, मांगीलाल शिंता, शांतिलाल गुरुजी, सहदेव गुर्जर, शादाब रेडी, सुनील सोनी, प्रदीप शर्मा, सोनू तंवर सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में हेमंत सिंह भदौरिया, कुणाल आर्य, फूल सिंह यादव, कमल नायक, अब्बास अली, अभिषेक यादव तथा समस्त बाला जी नवयुवक मंडल बिजौलिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोटड़ी ब्लॉक के 10 जर्जर विद्यालय नजदीकी स्कूलों में शिफ्ट, दो पारी में संचालन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

बरसात के दौरान जर्जर घोषित हुए कोटड़ी ब्लॉक के 10 राजकीय विद्यालयों को मंगलवार से नजदीकी विद्यालयों में शिफ्ट कर दिया गया है। शिक्षा निदेशक बीकानेर व जिला प्रशासन के आदेश के बाद शीतकालीन अवकाश के पश्चात इन विद्यालयों का संचालन दो पारी में किया जाएगा।

झालावाड़ में हुए विद्यालय हादसे के बाद जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक के सभी विद्यालयों की दो स्तरीय जांच करवाई गई थी, जिसमें 10 विद्यालय भवन पूर्ण रूप से जर्जर पाए गए। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने मरम्मत या नवीन भवन निर्माण तक इन विद्यालयों को पंचायत स्तर के नजदीकी स्कूलों में शिफ्ट करने का निर्णय लिया।

इसके तहत छात्र, स्टाफ और आवश्यक रिकॉर्ड संबंधित शिफ्ट विद्यालयों में स्थानांतरित किए गए हैं। कुछ विद्यालय सुबह और कुछ शाम की पारी में संचालित होंगे। मंगलवार से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश संस्था प्रधानों व पंचायत पीईओ को दिए गए हैं।

उधर, 2 से 4 किमी दूर विद्यालयों में पढ़ने जाने, कड़ाके की सर्दी, सुबह जल्दी व देर शाम तक कक्षाएं चलने से अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। खासकर कक्षा 1 से 5 के नन्हे बच्चों के लिए यह व्यवस्था चुनौतीपूर्ण बन गई है। परीक्षाएं नजदीक होने के कारण शत-प्रतिशत उपस्थिति व पाठ्यक्रम पूरा करना भी शिक्षकों के लिए बड़ी चुनौती रहेगा।

# 10 से 14 जनवरी तक भीलवाड़ा में सजेगी फूलों की रंगीन दुनिया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**मूलचंद पेसवानी** । शहरवासियों को प्रकृति और हरियाली से जोड़ने के उद्देश्य से प्लॉट लवर सोसायटी द्वारा 10 से 14 जनवरी तक पाँच दिवसीय भव्य फूल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 जनवरी को सुबह 10 बजे गणमान्य संतों के कर-कमलों से होगा।

मीडिया प्रभारी कैलाश सोनी एवं पंकज मिश्रा ने बताया कि आयोजित प्रेस वार्ता में सोसायटी के अध्यक्ष सुनील चौधरी, सचिव प्रियंका सोमानी, कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं विशेष आमंत्रित राजकुमार बंब ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

फ्लावर शो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा, जबकि दोपहर 1 बजे तक स्कूल विद्यार्थियों के लिए विशेष समय रहेगा। प्रदर्शनी में फूलों की रंगोली, कंटेनर गार्डनिंग, पुष्प सज्जा प्रतियोगिताएँ, बोन्साई, सक्युलेंट, औषधीय उद्यान और मौसमी फूलों की दुर्लभ प्रजातियाँ प्रदर्शित होंगी।

करीब 600 वर्ग फुट क्षेत्र में छत पर सब्जी बाग, फूलों से बनी संरचनाएँ और जीएसएलवी एमके-ढ्ढढ्ढ की पुष्प आकृति विशेष आकर्षण रहेंगी। 10 जनवरी को जयपुर के ड्रीम्स रॉकस्टार बैंड द्वारा म्यूजिकल शो होगा। अंतिम दिन संगीतमय योगासन, विवेकानंद केंद्र के माध्यम से 500 बालिकाओं का सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा 11 बालिकाओं द्वारा 'वंदेमातरम्' का गायन आयोजित किया जाएगा।

# शुद्ध आहार अभियान के तहत आज से फूड लाइसेंस शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




राज्य सरकार के शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में खाद्य कारोबारियों के लिए फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। भीलवाड़ा जिले में 6 जनवरी को सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक जिला, उपखंड/तहसील एवं कस्बा स्तर पर विशेष रजिस्ट्रेशन शिविर लगाए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि अभियान अवधि के दौरान सीएमएचओ कार्यालय में भी प्रतिदिन कार्यालय समय में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। शिविरों में किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, कैटरिंग, फास्ट फूड, चाट-पकोड़ी, फल-सब्जी ठेला सहित सभी खाद्य कारोबारियों के आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे और पात्र आवेदकों को मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारियों के लिए फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। व्यापारी शिविर में अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिन कारोबारियों का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपये से कम है, उनका फूड रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, जबकि 12 लाख से अधिक टर्नओवर वालों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ फूड लाइसेंस लेना होगा। सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अनिवार्य प्रक्रिया पूर्ण करें।

# महिला सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



कस्बे के सीडीपीओ कार्यालय में महिला सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पायलट आदर्श जीवन लोक उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई। कार्यशाला में विधिक परामर्शदाता अनिता साहू ने महिलाओं को आसींद पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाएं लंबी कानूनी प्रक्रिया से बचते हुए त्वरित एवं निःशुल्क न्याय का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, बाल विवाह, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 व 112 तथा सामाजिक कुरीतियों से निपटने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग भीलवाड़ा की विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने ब्लॉक आसींद की साथीन बैठक में भाग लेकर महिलाओं को विभागीय योजनाओं एवं ऑनलाइन एफआईआर की प्रक्रिया से अवगत कराया।

महिला सुपरवाइजर हेमलता मौर्य ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीण साथिन महिलाएं एवं सोशल काउंसलर सुगना वैष्णव सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# श्री संकट मोचन बालाजी गौशाला में रक्तदान शिविर, 107 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**मानव तिवाड़ी।** श्री संकट मोचन बालाजी गौशाला समिति की ओर से गौशाला संस्थापक, गौभक्त स्वर्गीय दीपक गौड़ की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर गौशाला प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 107 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय दीपक गौड़ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। रक्त संग्रहण का कार्य भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी जगदीश खंडेलवाल, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, मंडोल बांध गौशाला संचालक रामफूल धाकड़, नारायण जाट, संजय धाकड़, हितेन्द्र सिंह राजोरा, उमाशंकर वैष्णव सहित अनेक अतिथियों ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा गौशाला परिवार का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में गौशाला परिवार से प्रभु लाल धाकड़, रतन सिंह, प्रवीण कुमार, दीपक रामपुर, प्रजापत राजू धाकड़, बृजमोहन सहित कई गौसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# जोगणिया माता में रावणा राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** रावणा राजपूत समाज आम चोखला की बैठक निर्माणाधीन धर्मशाला, जोगणिया माता में बालू सिंह देवड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 20 अप्रैल को जोगणिया माता जी परिसर में रावणा राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के गठन पर चर्चा करते हुए शंभू सिंह सोलंकी (डाबी) को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि आगामी बैठक में समिति का विस्तार किया जाएगा तथा सम्मेलन से संबंधित नियम व शर्तों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में 18 जनवरी को गंगरार के सांडास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु समाज सहित सर्व समाज से अधिकाधिक रक्तदान एवं सहयोग का आह्वान किया गया। बैठक में कालू सिंह चौहान, राम सिंह सांखला, हिम्मत सिंह भाटी, भेरू सिंह राठौड़, शंभू सिंह गहलोत, बाल किशन सिंह चौहान, महेंद्र सिंह सोलंकी, विजय सिंह पंवार, नंद सिंह परिहार, लादू सिंह पंवार, रतन सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान, पराक्रम सिंह, गोवर्धन सिंह, शिव सिंह, अमर सिंह, तेज सिंह, महेंद्र सिंह, बालू सिंह, रमेश सिंह सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# प्रजापति नवयुवक संस्थान की बैठक सम्पन्न

## श्रीयांदे माँ जयंति को धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रजापति नवयुवक संस्थान छात्रावास पर प्रजापति नवयुवक संस्थान की बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें आगामी 18 जनवरी को प्रजापति समाज की कुलदेवी श्रीयादे माताजी जन्म जयंति मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । प्रजापति नवयुवक संस्थान के अध्यक्ष कन्हैयालाल प्रजापति ने बताया कि 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे महाआरती की जायेगी। संस्थापक सुखदेव प्रजापति ने बताया कि समाज के गणमान्य मेहमानो का स्वागत किया जायेगा एवं छात्रावास विकास पर चर्चा की जायेगी । इस अवसर पर तेजूराम, कैलाश, हेमराज, कैलाश जेतगढ़, प्रहलाद, राधेश्याम, तेजमल, राधेश्याम, प्रभुलाल, शान्तिलाल, माधव लाल, मोहन लाल बारणी, टीकम, पारसमल, कल्याणमल, डालुराम, हेमराज, कैलाश सोडार, गोपाल, दिनेश, अशोक, हरिप्रसाद, भैरूलाल, शिवलाल, राजकुमार, उदयलाल, घीसुलाल प्रजापति सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में अहम नियुक्ति

## शाहपुरा विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष बने बलवंत सिंह खामोर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, राजस्थान द्वारा संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। संगठन के प्रदेश महासचिव केशव तिवारी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार बलवंत सिंह खामोर को शाहपुरा विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दो वर्ष अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।

यह नियुक्ति राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. यादव एवं राष्ट्रीय प्रभारी के अनुमोदन से की गई है।

उल्लेखनीय है कि बलवंत सिंह खामोर वर्तमान में प्रशासक विजय भंवर कंवर के पति हैं तथा क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में उनकी पहचान है। वे लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

अपनी नियुक्ति पर बलवंत सिंह खामोर ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जवाबदेही भी है। वे कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने तथा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# यूरिया खाद के लिए लगी किसानों की लंबी कतारें

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के बड़लियास कस्बे में सोमवार को यूरिया खाद का वितरण किया गया । यूरिया खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखने को मिली। रबी के सीजन में गेहूं, जौं, चना और सरसों की फसल के लिए यूरिया खाद को लेकर किसानों को बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है । कृषि पर्यवेक्षक सतेंद्र मीणा ने बताया कि कृषक सेवा सहकारी संस्था बड़लियास में 400 यूरिया खाद के कट्टे पहुंचे, जिसका वितरण सुबह से शुरू हुआ । एफएसएस के बाहर अल सुबह से ही कड़ाकेदार ठंड व घने कोहरे में भी किसान? खाद लेने पहुंचे, इस दौरान ठिठुरते किसान कतारों में लगे रहे।

# शीतलहर का कहर, 8 डिग्री पर सिमटा जनजीवन

## देर से निकली धूप, चौराहों पर उमड़े लोग, खेती व व्यापार पर पड़ा असर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**




क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई और ठिठुरन ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए, जिससे ठंड का असर और तीखा बना रहा। दोपहर बाद करीब 3 बजे जब धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। ठंड से परेशान लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर चौराहों, गलियों और खुले स्थानों पर धूप सेंकते नजर आए। हालांकि धूप निकलने के बावजूद सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन कम नहीं हो सकी। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शीतलहर का असर खेती और व्यापार पर भी साफ दिखाई दिया। किसान अत्यधिक ठंड के कारण खेतों में समय पर नहीं पहुंच पाए, जिससे कृषि कार्य प्रभावित रहा। वहीं बाजारों में भी दिनभर रौनक नहीं दिखी। ग्राहक कम निकलने से व्यापारिक गतिविधियां सुस्त बनी रहीं। शाम ढलते ही ठंड ने फिर जोर पकड़ लिया और लोग अलाव का सहारा लेते दिखाई दिए।

# रिको एरिया स्वरूपगंज में चोरी करने वाले तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने रिको एरिया स्वरूपगंज में लोहे की प्लेटें चोरी करने वाले तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार लोहे की प्लेटें तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि 23 दिसंबर को एचआर जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग प्रा.लि., स्वरूपगंज के प्रतिनिधि द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि कंपनी से पिछले कुछ दिनों से लगातार लोहे की प्लेटें चोरी हो रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि 22-23 दिसंबर की रात करीब 2 बजे चार व्यक्ति अनाधिकृत रूप से कंपनी परिसर में घुसे और लोहे की प्लेटें चुराने लगे। इस दौरान एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि अन्य आरोपी चोरी का माल लेकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गठित टीम ने लगातार दबिश देकर वांछित आरोपियों प्रहलाद कीर, भगवती लाल कीर और करन कीर को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी कीरों की झोपड़िया, थाना हमीरगढ़ क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा जांच की जा रही है कि इनके द्वारा पूर्व में अन्य चोरी की वारदातों को अंजाम तो नहीं दिया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।